Ans. (d) : तालछापर वन्यजीव अभ्ययरण्य काले हिरण एवं कुरजा के लिए प्रसिद्ध है। तालछापर वन्यजीव अभ्यारण्य राजस्थान के चुरू जिले में स्थित है। यह सबसे सुन्दर मृग 'ब्लैक बक' का एक विशिष्ट आश्रय स्थल है। इस क्षेत्र को वर्ष 1966 में वन्य जीव अभ्यारण्य के रूप में घोषित किया गया। यहां पर ब्लैकबक, नीलगाय,चारूसिंघा, जंगलीसूअर, डेजर्ट फॉक्स, डेजट्र कैट आदि पाये जाते है।

571. निम्न में से कौन-सा अभयारण्य चुरु जिले में अवस्थित है?

(a) घाना अभयारण्य (b) सज्जनगढ़
(c) शेरगढ़ (d) ताल छापर

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

572. 'कनक सागर' एक है-

(a) रामसर स्थल (b) कृष्ण मृग अभ्यारण्य
(c) बाघ अभ्यारण्य (d) पक्षी अभ्यारण्य

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (d) : 'कनक सागर', बूंदी जिले में स्थित एक पक्षी अभ्यारण्य है। यह अभ्यारण्य पक्षियों की शरणस्थली माना जाता है। यह सारस, हंस, जल मुर्गी, स्पूनविल चमगादड़ एवं घड़ियाल के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है।

573. बून्दी में स्थापित किया गया उद्यान कनक सागर जिसके संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है-

(a) बाघ (b) हिरण
(c) घड़ियाल (d) अजगर

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

574. राजस्थान में वर्तमान में कितने वन्य जीव अभ्यारण्य है?

(a) 33 वन्य जीव अभ्यारण्य
(b) 38 वन्य जीव अभ्यारण्य
(c) 25 वन्य जीव अभ्यारण्य
(d) 07 वन्य जीव अभ्यारण्य

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (c) राजस्थान में वर्तमान में 26 (प्रश्नकाल के दौरान 25 थे) वन्यजीव अभयारण्य हैं। वन्यजीव अभयारण्यों का गठन किसी एक प्रजाति या कुछ विशिष्ट प्रजातियों के संरक्षण के लिए किया जाता है, अर्थात ये विशिष्ट प्रजाति आधारित संरक्षित क्षेत्र होते है।

575. जोड़ा बनाएँ और दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें?

1. पक्षी अभयारण्य (a) ताल छाप्पर
2. बाघ परियोजना (b) केवलादेव घाना
3. काला हिरण अभयारण्य (c) रणथम्भौर

कूट :

	1	2	3
(a)	a	b	c
(b)	b	a	c
(c)	b	c	a
(d)	c	a	b

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (c) सही सुमेल है-

1. पक्षी अभयारण्य	-	केवलादेव घाना
2. बाघ परियोजना	-	रणथम्भौर
3. काला हिरण अभयारण्य	-	ताल छाप्पर

576. निम्नलिखित में से कौनसा कन्जर्वेशन रिजर्व/संरक्षित क्षेत्र नहीं है?

(a) उम्मेदगंज पक्षी विहार (b) शाकम्भरी
(c) माचिया सफारी (d) सुन्धामाता

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021

Ans. (c) दिये गये विकल्पों में से माचिया सफारी राजस्थान में स्थित संरक्षित क्षेत्रों में सम्मिलित नहीं है। माचिया सफारी जोधुपर में स्थित एक जैविक उद्यान है।

विदित है कि राज्य सरकारों द्वारा सरकार के स्वामित्व वाले किसी भी क्षेत्र में विशेष रूप से राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के आस-पास के क्षेत्रों को कन्जर्वेशन रिजर्व/संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाता है। भू-दृश्यों, वनस्पतियों और जीवों और उनके आवास की रक्षा के उद्देश्य से संरक्षित क्षेत्र बनाये/ घोषित किये जाते हैं।

राजस्थान में वर्तमान में 20 कन्जर्वेशन रिजर्व हैं।

577. शेरगढ़ वन्य जीव क्षेत्र निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(a) बाराँ (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) बीकानेर

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा 2018
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) 2020

Ans. (a) शेरगढ़ वन्य जीव क्षेत्र (वन्यजीव अभ्यारण्य) बाराँ (बरन्) जिले में स्थित है। लगभग 82 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह अभ्यारण्य कई वन्यजीवो का आश्रय स्थल है विशेषकर भालू, शेर, जंगली सुअर, चिंकारा, साम्ब, चितल, हिरण, आदि जीव यहाँ देखे जा सकते हैं। वर्ष 1983 में इसे अभ्यारण्य घोषित किया गया था।

578. सूची -I (वन्य जीव अभयारण्य) को सूची- II (स्थान) से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट के आधार पर उत्तर का चयन कीजिए:

सूची-I	सूची-II
a. मरु राष्ट्रीय उद्यान	1. उदयपुर
b. तालछापर	2. भरतपुर
c. फूलवाड़ी की नाल	3. जैसलमेर
d. बन्ध बारेठा	4. चुरू

कूट :

	a	b	c	d
(a)	2	3	1	4
(b)	3	2	4	1
(c)	3	4	1	2
(d)	4	3	2	1

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (c)

मरु राष्ट्रीय उद्यान	-	जैसलमेर
तालछापर	-	चुरू
फूलवाड़ी की नाल	-	उदयपुर
बन्ध बारेठा	-	भरतपुर